कार्यालय प्राचार्य महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था नारायणपुर
जिला-नारायणपुर (छ.ग.)

E-mail:-witi.npur@gmail.com Phone No--(07781)252455

क्रमांक/ 341 /प्राचार्य/स्था./म.औ.प्र.सं./2016 नारायणपुर, दिनांक 15 /06/2016

:: विज्ञप्ति ::

महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था नारायणपुर एवं शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था नारायणपुर, जिला-नारायणपुर (छ0ग0) में विभिन्न विषयों में प्रशिक्षण कार्य पूर्ण कराये जाने हेतु रिक्त पदों के विरूद्ध मेहमान प्रवक्ता (Guest Lecturer) के लिए आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में दिनांक 15/07/2016 सायं 5.00 बजे तक आमंत्रित किए जाते हैं। उम्मीदवारों की शैक्षणिक योग्यताएं एवं निर्धारित मापदण्ड निम्नानुसार है :-

शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था नारायणपुर हेतु

क्र.	व्यवसाय/विषय	रिक्त पद	शैक्षणिक/तकनीकी अर्हता
1	स्टेनोग्राफी हिन्दी	01	1. मान्यता प्राप्त संस्था से हाईस्कूल प्रमाण पत्र परीक्षा या उसके समतुल्य कोई अन्य परीक्षा उत्तीर्ण हो। 2. शीघ्रलेखन तथा मुद्रलेखन परीक्षा छत्तीसगढ़ शीघ्रलेखन तथा मुद्रलेखन बोर्ड से या फिर मान्यता प्राप्त संस्था या एनसीवीटी से शीघ्रलेखन में 100 शब्द प्रतिमनट की गति से एवं मुद्रलेखन 40 शब्द प्रतिमिनट की गति से उत्तीर्ण हो। 3. संबंधित व्यवसाय में व्यावहारिक अनुभव होना चाहिए।
2	कम्प्यूटर ऑपरेटर एण्ड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (COPA)	01	1. मान्यता प्राप्त संस्था से हाईस्कूल प्रमाण पत्र परीक्षा या उसके समतुल्य कोई अन्य परीक्षा उत्तीर्ण हो। 2. मान्यता प्राप्त विवि/बोर्ड से कम्प्यूटर सांइस में त्रिवर्षीय डिप्लोमा/डिग्री या समकक्ष डिप्लोमा या मान्यता प्राप्त संस्था से बी.सी.ए./पीजीडीसीए या अखिल भारतीय दस्तकारी परीक्षा (NCVT) या NAC हो। 3. संबंधित व्यवसाय में व्यावहारिक अनुभव होना चाहिए।
3	आई.टी. लैब (IT LAB)	01	1. मान्यता प्राप्त संस्था से हाईस्कूल प्रमाण पत्र परीक्षा या उसके समतुल्य कोई अन्य परीक्षा उत्तीर्ण हो। 2. मान्यता प्राप्त विवि/बोर्ड से कम्प्यूटर सांइस में त्रिवर्षीय डिप्लोमा/डिग्री या समकक्ष डिप्लोमा या मान्यता प्राप्त संस्था से बी.सी.ए./पीजीडीसीए या अखिल भारतीय दस्तकारी परीक्षा (NCVT) या NAC हो। 3. संबंधित व्यवसाय में व्यावहारिक अनुभव होना चाहिए।
	कुल पद	03	

शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था नारायणपुर हेतु

क्र.	व्यवसाय/विषय	रिक्त पद	शैक्षणिक/तकनीकी अर्हता
1	कम्प्यूटर ऑपरेटर एण्ड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (COPA)	01	1. मान्यता प्राप्त बोर्ड से हाईस्कूल प्रमाण पत्र परीक्षा या उसके समतुल्य कोई अन्य परीक्षा उत्तीर्ण हो। 2. मान्यता प्राप्त विवि/बोर्ड से कम्प्यूटर सांइस में त्रिवर्षीय डिप्लोमा/डिग्री या समकक्ष डिप्लोमा या मान्यता प्राप्त संस्था से बी.सी.ए./पीजीडीसीए या अखिल भारतीय परीक्षा दस्तकारी परीक्षा (NCVT) या NAC हो। 3. संबंधित व्यवसाय में व्यावहारिक अनुभव होना चाहिए।
2	विद्युतकार	01	1. मान्यता प्राप्त बोर्ड से हाईस्कूल प्रमाण पत्र परीक्षा या उसके समतुल्य कोई अन्य परीक्षा उत्तीर्ण हो। 2. मान्यता प्राप्त विवि/बोर्ड से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा या समकक्ष डिग्री या अखिल भारतीय दस्तकारी परीक्षा (NCVT) या NAC हो। 3. संबंधित व्यवसाय में व्यावहारिक अनुभव होना चाहिए।
3	मैकेनिक (डीजल)	01	1. मान्यता प्राप्त बोर्ड से हाईस्कूल प्रमाण पत्र परीक्षा या उसके समतुल्य कोई अन्य परीक्षा उत्तीर्ण हो। 2. मान्यता प्राप्त विवि/बोर्ड से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा या समकक्ष डिग्री या अखिल भारतीय दस्तकारी परीक्षा (NCVT) या NAC हो। 3. संबंधित व्यवसाय में व्यावहारिक अनुभव होना चाहिए।
	कुल पद	03	4.

अंको का निर्धारण एवं चयन प्रक्रिया :-

आई.टी.आई. के प्राप्तांक का 60 अंक, अप्रेंटिसशिप के प्राप्तांक का 15 अंक, ए.टी.आई./ सी.टी.आई. प्राप्तांक का 10 अंक, डिप्लोमा या डिग्री का 75 अंक, अनुभव के अधिकतम 15 अंक (05 अंक प्रतिवर्ष के हिसाब से)। यह अनुभव शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था का मान्य किया जायेगा। अनुभव में ऐसे निजी संस्थाओं के अनुभव को भी मान्य किया जाएगा जो अप्रेंटिसशिप के अंतर्गत आते हैं। आवेदकों को इस बाबत् प्रमाण पत्र आवेदन के साथ प्रस्तुत करना होगा कि प्रतिष्ठान अप्रेंटिसशिप के अंतर्गत आता है।

नियम एवं शर्तें :-

1. वांछित प्रमाण पत्रों एवं अंकसूची की छायाप्रतियां स्व-प्रमाणित प्रति सहित उम्मीदवार का आवेदन दिनांक **15-07-2015** तक पंजीकृत डाक/स्पीट पोस्ट से **कार्यालय, प्राचार्य महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था नारायणपुर, जिला-नारायणपुर(छ.ग.)** में अनिवार्य रूप से प्राप्त होना चाहिए। विलम्ब से प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा। उम्मीदवार कार्यालय में कार्यालय अवधि में स्वयं उपस्थित होकर भी आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं।

2. उम्मीदवार का नवीनतम पासपोर्ट साईज का फोटोग्राफ आवेदन पत्र में निर्धारित स्थान पर चिपकाया जावें, जो कि स्वप्रमाणित हो।
3. आवेदन रिक्त पद के विरूद्ध व्यवसायवार/विषयवार अलग-अलग जमा करना होगा।
4. अपूर्ण एवं अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण होने के कारण निरस्त किये गये आवेदन के संबंध में उम्मीदवार को कोई सूचना नहीं दी जावेगी तथा ऐसे आवेदन पत्रों को अमान्य कर दिया जावेगा।
5. चयन मेरिट आधार पर होगा। चयन सूची महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था नारायणपुर के सूचना पटल पर चस्पा की जावेगी। चयनित आवेदकों को नियुक्ति पत्र नहीं दिया जावेगा। दूरभाष आदि द्वारा सूचना के आधार पर आमंत्रण स्वीकारते हुए प्रशिक्षण कार्य सम्पन्न कराना होगा। आवेदक स्वयं भी चयन के संबंध में पता करते रहे।
6. संचालक रोजगार एवं प्रशिक्षण रायपुर के निर्देशानुसार प्रशिक्षण देने हेतु प्रति घण्टा 100/- रूपये की दर से अधिकतम 05 घण्टा प्रति कार्य दिवस प्रशिक्षण कार्य संपन्न कराना होगा, माह में अधिकतम 10000/- रूपये मानदेय का प्रावधान है।
7. चयनित उम्मीदवारों को प्रशिक्षण कार्य कराने हेतु दिनांक 15-07-2017 तक के लिए ही आमंत्रित किया जायेगा।
8. चयनित उम्मीदवारों के पद के विरूद्ध यदि शासन द्वारा नियमित/स्थानांनतरण/संविदा नियुक्ति की जाती है तो मेहमान प्रवक्ता की यह नियुक्ति स्वयमेव समाप्त हो जावेगी।

प्राचार्य
महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था
नारायणपुर, जिला-नारायणपुर (छ0ग0)

मेहमान प्रवक्ता हेतु आवेदन पत्र

पासपोर्ट साईज
फोटो
स्वहस्ताक्षरित
होना चाहिए।

प्रति,

नोडल अधिकारी,
म.औ.प्र.सं./औ.प्र.सं. नारायणपुर
जिला-नारायणपुर (छ.ग.)

1. आवेदित पद का नाम :- .....
2. संस्था का नाम जहां आवेदन करना है :- .....
3. आवेदक/आवेदिका का नाम :- .....
4. पिता/पति/माता का नाम :- .....
5. जन्मतिथि (अंको में) :- .....
6. पत्र व्यवहार के लिए पता :- .....
   :- .....
7. स्थाई पता :- .....
   :- .....
8. **मोबाईल नंबर (अनिवार्य)** :- .....
9. राष्ट्रीयता :- .....
10. श्रेणी (सामा./अजा/अजजा/अपिव) :- .....
11. शैक्षणिक योग्यता (पद के निर्धारित न्यूनतम योग्यता से शुरू करें):-

क्र.	परीक्षा का नाम	उत्तीर्ण वर्ष	बोर्ड/विवि का नाम/आई.टी.आई.	व्यवसाय/विषय	पूर्णांक/प्राप्तांक	प्रतिशत

12. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन क्रमांक :- .....

12. अनुभव :-

विभाग/संस्था का नाम	पदनाम	कार्य की अवधि कब से	कार्य की अवधि कब तक	कार्य की प्रकृति
1	2	3	4	5

संलग्न :- 1..... 2..... 3.....

4..... 5..... 6..... 7.....

आवेदक का हस्ताक्षर

घोषणा-पत्र

मैं ..... घोषणा करता हूँ/करती हूँ कि इस आवेदन पत्र में दी गई सूचनाएं मेरे सर्वोत्तम विश्वास एवं जानकारी के अनुसार सत्य, पूर्ण सही हैं। मेरी जांच/साक्षात्कार के पूर्व या उसके बाद कोई सूचना या जानकारी गलत या असत्य पाए जाने पर या अपात्रता का पता चलने पर मेरी उम्मीदवारी निरस्त हो जाएगी तथा भर्ती संबंधी मेरे सभी दावे समाप्त हो जाएंगे।

आवेदक का हस्ताक्षर

स्थान :- .....

दिनांक :- .....

नाम :- .....

पता :- .....

.....

.....